सार-समाचार

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की जिला कलेक्टर से मुलाकात

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिले में चल रही मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सत्तारूढ़ दल पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पुनरीक्षण के नाम पर योजनाबद्ध तरीके से कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश रची जा रही है। इस मामले को लेकर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल तथा राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता आपत्ति एवं दावा दर्ज करने के लिए प्रयुक्त प्रपत्र-7 का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। बिना किसी वैध दस्तावेज के फर्जी आपत्तियां दर्ज कर पात्र मतदाताओं को अनुपस्थित अथवा स्थानांतरित दर्शाया जा रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि वार्ड संख्या 80 के बूथ संख्या 29 में कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट आरिफ खान का नाम फर्जी शिकायत के आधार पर अनुपस्थित एवं स्थानांतरित दर्शा दिया गया, जबकि प्रारूप मतदाता सूची में उनका नाम क्रम संख्या 334 पर विधिवत दर्ज है। धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि यह महज प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास है। फर्जी हस्ताक्षरों, बिना प्रमाण की शिकायतों और गलत रिपोर्टिंग के माध्यम से हजारों वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की कोशिश की जा रही है, जो अत्यंत गंभीर एवं निंदनीय है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बड़े स्तर पर मताधिकार की चोरी की जा रही है। उनका दावा है कि एक केंद्रीकृत प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से जारी की गई पेन ड्राइव में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से चार से पांच हजार कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम हटाने से संबंधित आंकड़े संकलित किए गए हैं, जिन्हें भाजपा नेताओं तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को अंतिम आपत्ति तिथि से पूर्व उपखंड कार्यालयों में बड़े पैमाने पर प्रपत्र भरवाकर कांग्रेस के वैध मतों को हटाने की साजिश की जा रही है। यह निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा आघात है, जिसे कांग्रेस किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से मांग की कि दर्ज की गई सभी आपत्तियों एवं पारित आदेशों की निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी जांच कराई जाए तथा किसी भी पात्र नागरिक का नाम राजनीतिक दबाव या फर्जी शिकायत के आधार पर मतदाता सूची से न हटाया जाए। साथ ही पार्टी ने सभी बूथ लेवल एजेंटों एवं कार्यकर्ताओं से मतदाता सूचियों पर सतत निगरानी रखने का आ ान करते हुए इसे लोकतंत्र की रक्षा की निर्णायक लड़ाई बताया ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. राजकुमार जयपाल, धर्मेंद्र राठौड़, फखरे मोइन, शैलेंद्र अग्रवाल, नौरत गुर्जर, सर्वेश पारीक, हेमंत जोधा, ईश्वर टहल्यानी, आरिफ खान, भंवर सिंह राठौड़, विकास चौहान, कपिल सारस्वत, चिरंजीव राठौड़, निर्मल पारीक एवं तनवीर गुजर सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एकेडमी क्लब और नमन आगरा क्लब क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

छबड़ा। हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 16वीं ओपन लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो मैच हुए। जिसमे कैप्टन अकेडमी व नमन आगरा क्लब ने जीत दर्ज की है। क्लब प्रवक्ता पूर्व पार्षद खालिद राणा ने बताया कि पहला मैच कैप्टन एकेडमी और ओएससीसी कोटा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैप्टन अकेडमी ने निर्धारित 16 ओवर में 7 विकेट होकर 181 रन बनाए। बल्लेबाज तुषार जोशी ने 77 रन बनाए तथा नंदू ने 42 रनो का योगदान दिया। कोटा के सलीम ने तीन तथा रिजवान ने तीन विकेट लिए। जवाब में ओएससीसी कोटा 182 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 110 बनाकर ऑल आउट हो गई। कैप्टन एकेडमी ने 70 रनो से मैच जीता तथा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैन ऑफ द मैच तुषार जोशी रहे। दूसरा मैच झालावाड़ फाइटर तथा नमन आगरा क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए झालावाड़ फाइटर ने निर्धारित 18 ओवर में पूरी टीम ऑल आउट होकर 131 रन बनाए। बल्लेबाज अंकित ने 32 रन बनाए तथा तनिष्क ने 28 रन का योगदान दिया। गेंदबाज नमन तथा अनुज ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नमन आगरा क्लब ने 15 ओवर में चार विकेट होकर 132 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया तथा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आगरा के बल्लेबाज सत्या ने 46 तथा नदीम ने 20 रनों का योगदान दिया। गेंदबाज तनिश ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच सत्या रहे। दोनों मैचों के मुख्य अतिथि राजेश भार्गव एडवोकेट, गणेश भार्गव, भंवर कुशवाह, रामस्वरूप लोधा लेखाकार, मनीष नामदेव, संदीप सोलंकी एडवोकेट, पुरुषोत्तम गौतम पटवारी व राशिद खान आदि थे।

बैग को यात्री तक सुरक्षित पहुंचाया

कोटा, (निसं)। कोटा मंडल के सवाई माधोपुर में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां ट्रेन में छूटे यात्री के सामान को पूरी सतर्कता और पारदर्शिता के साथ सुरक्षित लौटाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि रेल मदद पर प्राप्त सुचना के आधार पर गाड़ी संख्या 12465 को सवाई माधोपुर स्टेशन पर अटेंड किया गया। तत्पर कार्रवाई करते हुए एक यात्री का ट्रेन में छूटा ट्रॉली बैग बरामद कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर सुरक्षित जमा कराया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि बाद में कुचामन सिटी निवासी यात्री पवन कुमार के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उसके यात्रा टिकट, आधार कार्ड तथा सामान की पहचान का विधिवत सत्यापन कर यात्री को उसका ट्रॉली बैग सौंप दिया गया।

गोसेवार्थ के लिए एकत्रित की राशि

छबड़ा। नगर में मकर संक्रांति के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कटीखंडी गोशाला संवर्धन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों व गोसेवकों ने 65 हजार से अधिक की राशि एकत्रित की गई। मनोज राठौर के अनुसार द्वादश ज्योतिर्लिंग, दक्षिण मुखी जोडलिया हनुमानजी व शनि महाराज की विधिवत पूजा अर्चना के बाद संरक्षक रोशन कालरा, पप्पू माहेश्वरी व अध्यक्ष दुष्यंत सिंह आसावत के नेतृत्व में बाजार में घूमकर गोसेवार्थ राशि एकत्रित की गई, जिसके तहत 65 हजार 111 रुपये की राशि एकत्रित हुई। यहां कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष योगेश मालव, प्रवक्ता राजेंद्र शर्मा, गणेश भार्गव, चेतन सोनी, जितेंद्र शर्मा, टिक्कू सोनी राजेंद्र,शर्मा, कमलेश भारद्वाज, हीरालाल मीणा, बल्लभ मीणा, लड्डुलाल मीणा, संस्कार कालरा, मनीष शर्मा, रमेश कुशवाह, दिनेश कुमार आदि सदस्य मौजूद थे।

सेना दिवस पर युवा दौड़ेंगे देशभक्ति के जोश में

बूंदी। 15 जनवरी को सेना दिवस के अवसर पर शहर के युवा मैराथन धावक गोविंद प्रजापत देशभक्ति के जोश से ओतप्रोत 15 किलोमीटर की विशेष दौड़ आयोजित करेंगे। आज इस प्रेरक दौड़ का पोस्टर शौर्य चक्र व विशिष्ट सेवा पदक विजेता ब्रिगेडियर भूपेश सिंह ने विमोचन किया। गोविंद प्रजापत सुबह 7 बजे खेल संकुल से तिरंगे झंडे के साथ दौड़ शुरू करेंगे। यह दौड़ भारतीय सेना के वीर जवानों को समर्पित है। आयोजन का निर्देशन ब्रिगेडियर भूपेश सिंह हाड़ा कर रहे हैं। शहरवासियों से भी आ ान किया गया है कि वे बड़ी संख्या में इस दौड़ में भाग लेकर देशभक्ति की भावना को प्रबल करें। पहले भी अनेक फिटनेस अभियानों और मैराथन आयोजनों में भाग ले चुके गोविंद प्रजापत ने कहा कि "यह दौड़ हमारे वीर सैनिकों के सम्मान में एक छोटा प्रयास है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की है।"

आम भंडारा आयोजित

कोटा, (निसं)। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मावा व्यापार संघ गुमानपुरा द्वारा सिंधी धर्मशाला के सामने गुमानपुरा मेन रोड पर 16वां आम भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में लगभग 5 हजार लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। संघ के अध्यक्ष भगवान मित्तल एवं सचिव हेमंत जैन के नेतृत्व में आयोजित इस भंडारे में श्रद्धालुओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर हाड़ौती कैटरर्स हलवाई संगठन के पूर्व अध्यक्ष अन्नू अग्रवाल, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन, महासचिव अशोक माहेश्वरी, भाजपा नेता जगदीश जिंदल एवं गुमानपुरा व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रीधर मित्तल, बुद्धि प्रकाश मित्तल, चौथमल अग्रवाल, चौथमल सोनी, मनीष जैन, रवि अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल सहित क्षेत्र के अनेक व्यापारीगण मौजूद रहे।

परिचालन विभाग के 15 कर्मचारियों को सम्मानित किया

कोटा, (निसं)। रेल परिचालन में संरक्षा, सुरक्षा एवं समय पालना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्कता और त्वरित निर्णय से संभावित जोखिमों को टालने वाले परिचालन विभाग के 15 कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि सम्मानित कर्मचारियों में प्रदीप सिंह सोलंकी, स्टेशन मास्टर भरतपुर शामिल हैं, जिन्होंने जाम हॉट एक्सल को समय रहते देखकर तत्काल कार्रवाई की, गाड़ी को रुकवाया तथा रेल संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित की।

■ रेल संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित की। उनकी सतर्कता से संभावित बड़ी दुर्घटना टल सकी

उनकी सतर्कता से संभावित बड़ी दुर्घटना टल सकी। इसी क्रम में हरिराम मीना, स्टेशन मास्टर दरा, रामहेत मीना, स्टेशन प्रबंधक दरा तथा अमृतलाल मीना, यातायात निरीक्षक रामगंजमंडी द्वारा दरा कंवलपुरा के मध्य भारी बारिश के तेज बहाव से ट्रैक पर आए मलबे के कारण उत्पन्न अवरोध पर त्वरित निर्णय लेते हुए गाड़ियों की आवाजाही तत्काल रोकी गई।

इसके बाद बाधित ट्रैक पर सुरक्षित परिचालन शीघ्र पुन: प्रारंभ कराने में इन कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वही स्टेशन परिसरों के सुव्यवस्थित रखरखाव और संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए आबिद खान, स्टेशन प्रबंधक लालपुर उमरी तथा राजेश जोनवाल, यातायात निरीक्षक गंगापुर सिटी को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त, रतलाम गंगापुर तथा गंगापुर चंदेरिया रेलखंड पर क्रेक ट्रेन के सुरक्षित, उचित पाथ एवं नियंत्रित गति से संचालन करते हुए औसतन 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से समय पर गंतव्य तक पहुंचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए नितिन मुकेश, पी. एस. साहनी, कलूराम मीना, रामराज मीना, कमल सिंह, मुकेश मीना (सभी खंड नियंत्रक) धीरज गौतम, विजेंद्र मीना एवं सरजीत सिंह (ट्रेन मैनेजर) को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

घुमंतू परिवारों के साथ मनाई मकर संक्रांति

बूंदी। मकर संक्रांति का पर्व घुमंतू परिवारों के साथ सामाजिक कार्यों के साथ मनाया गया। इस मौके पर आरएचआरडी फाउंडेशन एवं अहिल्याबाई होल्कर बालिका शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य पोस्ट ऑफिस के पास स्थित घुमंतू जाति बस्ती में जरूरतमंद परिवारों को समिति की अध्यक्ष एवं सेवानिवृत अतिरिक्त निदेशक तेजकंवर के द्वारा तिल्ली का प्रसाद वितरित किया गया तथा सर्दी से बचाव हेतु जरूरतमंदों को ओढ़नी (शॉल) भेंट की गई।

तेजकंवर ने बताया कि आरएचआरडी फाउंडेशन एवं अहिल्याबाई होल्कर बालिका शिक्षा समिति निरंतर शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए कार्यरत है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे। इन्होंने लोगों को साफ सफाई बरतने तथा नशे से होने वाले नुकसान ओर नशे से दूर रहने के सुझाव दिए। कार्यक्रम में संजय बायर, ओम गोस्वामी, मोहन सालवी, इन्द्रनारायण शर्मा, परमानंद शर्मा, मनीषा सालवी, मीनाक्षी, दीपिका पाराशर, बुद्धि प्रकाश सालवी मौजूद रहे।

अवैध हथियार देशी कट्टा व दो चाकू सहित दो आरोपी गिरफतार

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने दो अलग-अलग कार्यवाही के दौरान अवैध हथियार देशी कट्टा व दो चाकू सहित दो आरोपियो को गिरफतार किया है। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि थाने के सहायक उप निरीक्षक हरदेव सिंह को मुखबीर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति टीआरडी डिपो के समीप कोई हथियार लेकर वारदात करने की फिराक में घुम रहा है। उक्त सूचना पर सहायक उप निरीक्षक हरदेव सिंह पुलिस टीम लेकर मौके पर पहुंचे और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौके पर खडे व्यक्ति को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध हथियार देशी कट्टा एवं एक चाकू बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए मस्जिद गली निवासी मोहम्मद अयान उर्फ लश्कर को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि थाने के सहायक उप निरीक्षक कमलेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ मुखबीर की सूचना पर इलाके में स्थित सुलभ कॉम्पलेक्स के समीप कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को डिटेन कर तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार चाकू बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए।

सार-समाचार

बूंदी में उत्साह के साथ मनायी मकर संक्रांति

बून्दी। बुधवार को जिले में मकर सक्रांति का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ सूनी सडकों व जोश में गीतों से गूंजती छतों पर पतंगों के साथ मनाया। सर्द हवाओं के बावजूद अलसुबह से ही युवा पतंगबाज अपनी पतंग व डोर के साथ छतों पर पहुंच पतंगबाजी का लुफ्त उठाने लगे। दिन भर 'वो काटा...य, 'वो..अलग हैं', 'काटा अरेरेरे....' से आसमान गुंजायमान हो गया। पूरा आसमान रंग बिरंगी पतंगों से अटा हुआ दिखाई दिया। बच्चों से लेकर युवक युवतियां, महिलाएं पुरूष पतंगबाजी करती हुई नजर आई। जयपुर के बाद राजस्थान में बूंदी शहर का नाम पतंगबाजी सुर्खियों में आता है, यहां पतंगबाजी हाड़ाओं के समय से ही चली आ रही है, जहां हर घर परिवार अपने बड़े बुजुर्गों के संग छतों पर पहुंचकर पतंगबाजी करता है। पर्व पर दूरदराज के रिश्तेदार भी अपने अपने बून्दी के रिश्तेदारों के यहां पहुंचकर और पतंगबाजी करते नजर आएं। यहां आए विदेशी पर्यटक भी अपने आप को पतंगबाजी से नहीं रोक पाएं। हाडोती का एकमात्र शहर बूंदी, जहां जबरदस्त पतंगबाजी देखने को मिलती है। इस दिन सारा शहर छतों पर नजर आया। दिनभर पतंगबाजी के बाद आतिशबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। शाम ढलने के बाद दिये वाले पतंग आसमान में छोड़े गए, जिनसें आसमान आतिशबाजी ओर पैराशूट से सितारों सा चमकने लगा, मानो की सितारे चमक रहे हो। वहीं कई लोग मकर संक्रांति पर लोग नदियों में स्नान करने, गायों को हरा चारा डालने, दान पुण्य करने में व्यस्त रहे। शास्त्रों के अनुसार मकर संक्रांति का दान पुण्य को लेकर बढ़ा महत्व है। मकर संक्रांति पर मलमास समाप्त होने के साथ ही मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत हो जाती है।

चेटीचण्ड पखवाड़ा महोत्सव की तैयारियां

अजमेर । पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति की ओर से चेटीचण्ड 2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले 12वें चेटीचण्ड पखवाड़ा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन रसोई रेस्टोरेंट, स्वामी कॉम्पलेक्स की तीसरी मंजिल पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता भगवान कलवाणी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से कंवल प्रकाश किशनानी को अध्यक्ष, महेन्द्र कुमार तीर्थाणी को महासचिव तथा लाल नाथाणी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संरक्षक गिरधर तेजवाणी ने बताया कि बैठक में शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।

रेल कर्मचारियों को मिलेगी फिटनेस की सुविधा

अजमेर । अजमेर मंडल खेल संघ (एडीएसए) द्वारा एडीएसए क्लब, फ्रेज़र रोड, अजमेर में नव-निर्मित अत्याधुनिक व्यायामशाला का शुभारंभ किया गया। व्यायामशाला का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक अजमेर राजू भूतड़ा एवं महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती रिंकल भूतड़ा के कर-कमलों द्वारा किया गया।

यह व्यायामशाला नवीनतम तकनीक से युक्त आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं से सुसज्जित है। शारीरिक फिटनेस को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह पहल रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। शुभारंभ समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री विकास बूरा सहित वरिष्ठ रेलवे अधिकारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अजमेर मंडल खेल संघ के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर प्रदीप कुमार ने अजमेर मंडल की गौरवशाली खेल परंपरा एवं खेलों में मंडल की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

मोशन एजुकेशन के 6 स्टूडेंट्स ने एनएसओ की इंटरनेशनल रैंक के टॉप 20 में बनाई जगह

कोटा, (निसं)। मोशन एजुकेशन फाउंडेशन डिवीजन के 6 स्टूडेंट्स ने नेशनल साइंस ओलम्पियाड (एनएसओ) के प्रथम चरण में इंटरनेशनल रैंक के टॉप 20 में जगह बनाई है।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर नितिन विजय ने बताया कि इस ऑफलाइन एग्जाम के अब तक प्राप्त परिणाम के आधार पर मोशन के कक्षा 6 से 10 तक के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एनएसओ के दूसरे चरण में स्थान बनाया है। इनमें नित्य विजय, वेदांत मोहता, पाखी विजय, आकृति शर्मा, हर्षित भार्गव और मधुरा टी वांढरे एनएसओ की इंटरनेशनल रैंक के टॉप 20 में आए हैं। इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि नेशनल साइंस ओलम्पियाड का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल का विकास करना है। यह प्रतियोगिता कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है, जिसमें हर साल देशभर से लाखों छात्र भाग लेते हैं। एनएसओ परीक्षा दो चरण में आयोजित होती है। पहला चरण स्कूल स्तर पर होता है, जिसमें सभी इच्छुक विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र दूसरे चरण के लिए चयनित होते हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाता है। साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन (एसओएफ) की ओर से आयोजित एनएसओ का पाठ्यक्रम मुख्य रूप से स्कूल की विज्ञान और गणित की पुस्तकों पर आधारित होता है, लेकिन इसमें तार्किक और विश्लेषणात्मक सोच को परखने वाले प्रश्न भी शामिल किए जाते हैं। इस ओलम्पियाड में बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) पूछे जाते हैं, जो छात्रों की अवधारणात्मक समझ और सोचने की क्षमता को परखते हैं। एनएसओ में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल, ट्रॉफी, प्रमाण पत्र, नकद पुरस्कार और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मान दिए जाते हैं। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए और अधिक प्रेरित होते हैं। नितिन विजय ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को रटने की बजाय समझकर पढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। इससे विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है और छात्रों को इंजीनियरिंग, मेडिकल और रिसर्च जैसे क्षेत्रों के लिए मजबूत आधार मिलता है।

■ इस ऑफलाइन एग्जाम के अब तक प्राप्त परिणाम के आधार पर मोशन के कक्षा 6 से 10 तक के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एनएसओ के दूसरे चरण में स्थान बनाया है।

सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचना जरूरी'

किशनगढ़/अजमेर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सही एवं समयबद्ध जानकारी आमजन तक पहुँचना अत्यंत आवश्यक है, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सके। वे किशनगढ़ स्थित श्रीमती सूरज देवी पाटनी सभागार में केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर द्वारा आयोजित दो दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और इस प्रकार की प्रदर्शनी जनजागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से कृषि, किसान कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाई गई। उन्होंने विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट-गाइड से जुड़े युवाओं तथा आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया से श्रीमती शिमला मीणा पत्नी श्री शम्भु लाल मीणा द्वारा अपने स्वामित्व के भूखंड संख्या 61 वाके ओम एन्क्लेव बूंदी जोकि श्रीमती शिमला मीणा द्वारा श्री अनिल मीणा पुत्र श्री परमानंद मीणा से क्रय किया था जिनके नाम नगर परिषद बूंदी द्वारा पट्टा संख्या 210 जारी किया गया है उक्त भूखंड कि वर्तमान में श्रीमती शिमला मीणा पत्नी श्री शम्भु लाल मीणा स्वामी है से लोन प्राप्त किया हुआ है का असल शुधि- पत्र दिनांकित 10.06.2022 दिनांक 19 मई 2023 से कही खो गया है जिस किसी को मिले निम्न पते पर सूचित करे तथा जिस किसी को कोई आपत्ति आक्षेप इत्यादी हो तो प्रकाशन कि तिथि से 7 दिवस कि अवधि में मय दस्तावेज संपर्क करे। बाद गुजरने मियाद सभी आपत्तिया शून्य व् अमान्य होगी।

रवि कुमार शर्मा अधिवक्ता
और से स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया
ब्लोक अदालत परिसर बूंदी राज.

आम सूचना

मेरे पक्षकार विष्णुचन्द्र शर्मा पुत्र रय. श्री चिरंजीलाल शर्मा, निवासी रोघई राज. हाल निवासी मकान संख्या 4-बी-7, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लैण्डमार्क सिटी कोटा राज. मो. नं. 8949644915 की ओर से उनके निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का पुत्र गौरव व्यास पुत्र विष्णुचन्द शर्मा की पत्नी डिम्पल शुक्ला पुत्री रय. महेश कुमार शर्मा वर्तमान निवासी मकान संख्या 1-डी-5, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कुन्हाडी कोटा मेरे पक्षकार व उसकी पत्नी उषा शर्मा के साथ आये दिन लडाई झगडा, गाली गलौच व दुर्व्यवहार कर मेरे पक्षकार व उसके परिवार को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित करती है तथा मेरे पक्षकार की संपत्ति को उनके नाम करवाने अन्यथा मेरे पक्षकार व उसके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकीयां देती है। मेरे पक्षकार का पुत्र गौरव शर्मा भी उसे नियंत्रित करने तथा मेरे पक्षकार व उसके परिवार के साथ क्रूरता कारित करने से रोकने में असमर्थ है तथा मेरे पक्षकार के कहने में नहीं है। उनका आचरण व व्यवहार मेरे पक्षकार व उसके परिवार के प्रति अपमानजनक एवं क्लेशकारी हैं। अत: मेरा पक्षकार अपने पुत्र गौरव शर्मा तथा उसकी पत्नी डिम्पल को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति, जात-जायदाद से आज दिनांक 14.01.2026 से बेदखल करता है। मेरे पक्षकार एवं उसके परिवार का इन दोनों से कोई पारिवारिक या कानूनी संबंध नहीं रहा है। यदि कोई व्यक्ति इनके साथ किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा। अत: सूचित हो।
कोटा, दिनांक-14.01.2026

भवदीय
रोहित सिंह

सुभाषचंद्र बोस नेशनल अवॉर्ड समारोह 22 को

अजमेर, (कासं)। हिंद सेवा दल की ओर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर 22 जनवरी को सूचना केंद्र में सुभाषचंद्र बोस नेशनल अवॉर्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती एवं संस्था के 40वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होगा। संस्था के प्रवक्ता राजेन्द्र गांधी ने बताया कि समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

छात्राओं को किया नशा मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए प्रेरित

बूंदी। राजकीय कन्या महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के अंतर्गत नशा मुक्त जागरूकता अभियान के तहत मेहंदी, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप यादव ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज की प्रगति में भी बाधा बनता है। उन्होंने छात्राओं को स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार व समाज को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी डॉ. विनोद कुमार मीणा ने नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जागरूकता ही नशा मुक्ति की सबसे प्रभावी औषधि है। उन्होंने छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने नशा मुक्ति के संदेश को कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया, वहीं भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने नशे के विरुद्ध अपने विचार प्रभावशाली रूप से व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। भाषण प्रतियोगिता में माधवी वर्मा ने पहला, पारुल सोनी ने दूसरा और हिमानी रॉयल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जबकि रंगोली प्रतियोगिता में सलोनी रेगर प्रथम हिमानी रॉयल द्वितीय और डिंपल प्रजापत तृतीय स्थान पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में खुशी वर्मा पहले रानी वर्मा दूसरे और सलोनी रेगर तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ हेमराज सैनी, डॉ चंपा अठावाल, डॉ मनीलता पचानौत, डॉ तन्वी खुराना और भोला शामिल रहे। मंच संचालन डॉ बीरम देव ने किया गया।

कोटा विकास प्राधिकरण
विज्ञप्ति
क्रमांक-एफ 7/डी.टी.पी./2026/421-426 दिनांक-9.01.2026

राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों/प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनाक 24/2/2021 क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु कोटा विकास प्राधिकरण में विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को अपत्ति हो तो 15 दिवस में कोटा विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत करें।उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड सं./ योजना का नाम	योजना/मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल
1	श्री प्रभूलाल मीणा	भूखण्ड सं. 90 योजना रामकृष्णपुरम-ए, कोटा	आवासीय	व्यवसायिक	324 वर्गमीटर

सचिव कोटा विकास प्राधिकरण

**को